# NSW का तपेदिक कार्यक्रम

**NSW TB Program - Hindi**

## तपेदिक के रोगी से संपर्क होने संबंधी जानकारी

**मुख्य बातें**

- आपका किसी ऐसे व्यक्ति से संपर्क हुआ है जिसे तपेदिक (TB) है।
- तपेदिक ऐसी बीमारी है जो बैक्टीरिया *Mycobacterium tuberculosis* के संक्रमण से होता है।
- तपेदिक अधिकतर व्यक्ति के फेफड़ों पर असर डालती है, पर शरीर के अन्य अंगों पर भी असर डाल सकती है। इससे गम्भीर रूप से बीमार हो सकते हैं।
- विशेष ऐन्टी बायोटिक से इलाज करके तपेदिक को ठीक किया जा सकता है।
- हमारी सलाह है कि आप जाँच करवाएँ यह जानने के लिए कि आपको तपेदिक के जीवाणु से संक्रमण हुआ है या नहीं। यदि जाँच बताती है कि ऐसा हुआ है तो हम सलाह देंगे कि आप इलाज करवाएँ या बाद में फिर जाँच करवाएँ।

### हमने आपसे किस लिए संपर्क किया है?

यह पाया गया है कि आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आएँ हैं जिसे छूत से लगने वाली तपेदिक है। हमारी सलाह है कि आपकी जाँच की जानी चाहिए कि आपको तपेदिक का छूत लगा है या नहीं। आपकी जाँच के परिणाम के अनुसार हम सलाह दे सकते हैं कि आप इलाज करवाएँ या बाद में फिर जाँच करवाएँ।

### तपेदिक क्या है ?

सक्रिय तपेदिक ऐसी बीमारी है जो बैक्टीरिया *Mycobacterium tuberculosis* के संक्रमण से होती है और ऐन्टी बायोटिक से इसका इलाज करके इसे ठीक किया जा सकता है। आमतौर पर तपेदिक व्यक्ति के फेफड़ों पर असर डालती है, पर शरीर के अन्य अंगों पर भी असर डाल सकती है, जैसे कि लिंफ़ नोड, गुर्दों व हड्डियों पर। आमतौर पर, तपेदिक का छूत लगने पर कोई चिह्न या लक्षण नहीं होते हैं और अधिकतर तपेदिक के जीवाणु सक्रिय नहीं होते हैं – इसको शान्त या छुपा हुआ तपेदिक का संक्रमण कहते हैं। जिस व्यक्ति को शान्त तपेदिक का संक्रमण होता है उससे छूत नहीं लग सकता और वह अपने परिवार या नज़दीकी लोगों को इसके जीवाणु नहीं दे सकता।

### मैं ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं जानता जिसे तपेदिक हो – तो मुझे इसका संक्रमण कैसे हो सकता है?

क्योंकि तपेदिक हवा से फैलती है इसलिए आप उस व्यक्ति को नहीं जानते होंगे जिससे आपको यह संक्रमण हुआ है। रोगी की गोपनीयता के कारण हम आपको यह नहीं बता सकते कि यह व्यक्ति कौन है, न ही यह कि आपको संक्रमण कहाँ हुआ होगा।

### लोगों को तपेदिक कैसे होती है ?

जिस व्यक्ति को फेफड़ों या गले में तपेदिक होती है, जब वह खाँसता, छींकता, गाता या बोलता है तो वह छोटे-छोटे कण हवा में फेंकता है। ये छोटे-छोटे कण अन्य लोग साँस के साथ अंदर ले लेते हैं। अधिकांश लोगों को किसी और से तपेदिक तभी होती है जब वे उस के साथ बहुत समय व्यतीत करते हैं। ऐसा बहुत कम होता है कि किसी के साथ थोड़ा सा समय बिताने या अचानक मिलने से तपेदिक हो जाए। तपेदिक घर के सामान जैसे कि चम्मच, कप-प्लेट या टेलिफ़ोन आदि से नहीं फैलती है।

### मुझे लगता नहीं है कि मैं बीमार हूँ – मैं कैसे पता लगा सकता हूँ कि मुझे संक्रमण हुआ है?

तपेदिक से संक्रमण होने पर कोई लक्षण नहीं होते हैं, इसलिए हमें तपेदिक के संक्रमण की पहचान करने के लिए विशेष जाँच करनी होती है। इन जाँचों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- रक्त जाँच जिसे an interferon gamma release assay (IGRA या QuantiFERON TB Gold Plus®) कहते हैं, बता सकता है कि आपको तपेदिक का संक्रमण हुआ है या नहीं।
- ट्यूबरकुलीन त्वचा की जाँच (जिसे टीएसटी या मैनटोक्स टेस्ट भी कहते हैं) के लिए बाजू के आगे के हिस्से में बस त्वचा के नीचे एक छोटा सा इन्जेक्शन लगाते हैं। आपको इसके 2 या 3 दिन बाद वापस जाना होगा जिससे इन्जेक्शन की कोई प्रतिक्रिया (सूजन या लाली) बताएगी की संक्रमण हुआ है या नहीं।
- छाती का ऐक्स-रे बता सकता है कि आपके फेफड़ों में तपेदिक है या नहीं। कभी-कभी छाती का ऐक्स-रे पहले कभी तपेदिक हुए होने के बारे में भी बता सकता है, जबकि आपको भी पता नहीं होगा कि पहले आपको तपेदिक हुई थी।

## मैंने तपेदिक का टीका (Bacillus Calmette–Guérin या BCG) लगवाया था। क्या इससे मेरा बचाव नहीं होगा?

BCG का टीका 5 वर्ष की आयु से छोटे बच्चों को गम्भीर तपेदिक से बचाने में बहुत मदद मिलती है, पर यह हर प्रकार की तपेदिक से बचाव नहीं करता है। आपको BCG लगवाने पर भी तपेदिक का संक्रमण हो सकता है।

## यदि मेरे टेस्ट नेगटिव आते हैं तो क्या होगा?

यदि आपका पहला रक्त टेस्ट या ट्यूबरकुलीन त्वचा की जाँच नेगटिव आती है तो 2 से 3 महीने में यह टेस्ट फिर से किया जा सकता है। यह इसलिए है क्योंकि तपेदिक के संपर्क में आने के बाद आपके प्रतिरक्षा तंत्र को प्रतिक्रिया करने में कई सप्ताह लग जाते हैं। इस लिए, यदि आपसे दुबारा टेस्ट करवाने को कहा जाता है तो यह सलाह दी जाती है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप तपेदिक संक्रमण से सुरक्षित हैं यह **बहुत ही आवश्यक** है कि आप यह टेस्ट करवाएँ। यदि आपका दूसरा टेस्ट भी नेगटिव आता है तो आपको इसके बाद फिर टेस्ट नहीं करवाना होगा।

## यदि मेरे रक्त के टेस्ट या त्वचा के टेस्ट पॉज़िटिव आते हैं तो क्या होगा?

यदि आपका टेस्ट पॉज़िटिव आता है तो आपसे छाती का ऐक्स-रे करवाने के लिए कहा जाएगा। और आपके छाती के ऐक्स-रे के परिणाम व ख़तरे की अन्य बातों को देखते हुए आपको तपेदिक के विशेषज्ञ डॉक्टर के पास भेजा जाएगा।

यह ज़रूरी नहीं है कि पॉज़िटिव परिणाम होने का अर्थ है कि अभी हाल ही में जिस तपेदिक पीड़ित व्यक्ति से आपका संपर्क हुआ था उसके कारण आपको तपेदिक हुई है। यदि आप ऐसे देश में रह रहे हैं जहाँ तपेदिक ज़्यादा होती है तो यह होना काफ़ी मुमकिन है कि आपको तपेदिक का संक्रमण कुछ समय से है । अंदाज़न विश्व की एक चौथाई जनसंख्या को तपेदिक का निष्क्रिय संक्रमण है, हालाँकि जो लोग ऑस्ट्रेलिया में पैदा हुए हैं और यहीं रहे हैं उनको ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। कभी-कभी उन लोगों में ट्यूबरकुलीन त्वचा की जाँच पॉज़िटिव आ जाती है जिन्होंने BCG का टीका लगवाया हो या कोई अन्य कारण से जो तपेदिक संक्रमण होने से संबंधित नहीं है।

निष्क्रिय तपेदिक संक्रमण का अर्थ **यह नहीं** है कि आपको क्रियाशील तपेदिक की बीमारी है या आप दूसरों को संक्रमण दे सकते हैं। पर इसका अर्थ यह ज़रूर है कि आपको अपने जीवन काल में कभी क्रियाशील तपेदिक होने का ख़तरा है। यह खतरा कितना बड़ा है यह कई कारणों पर निर्भर करता है, जिसमें शामिल हैं कि आपको हाल में कब संक्रमण हुआ था (अभी-अभी हुआ संक्रमण ज़्यादा ख़तरनाक होता है), आपकी आयु क्या है, और आपको कोई बीमारी है या नहीं। नर्स या डॉक्टर आपसे इस बारे में और अधिक बातचीत करेगा।

## क्या निष्क्रिय तपेदिक संक्रमण का इलाज किया जा सकता है?

निष्क्रिय तपेदिक संक्रमण का इलाज किया जा सकता है जिससे भविष्य में तपेदिक की बीमारी न हो। इस इलाज में आमतौर पर 3 से 9 महीने तक वही एक या दो दवाईयाँ दी जाती हैं जो तपेदिक से पीड़ित लोगों को दी जाती हैं। जिन लोगों को निष्क्रिय तपेदिक संक्रमण होता है उनमें से अधिकांश का इलाज करने में ये दवाइयाँ प्रभावशाली होती हैं। यह इलाज आमतौर पर सुरक्षित है, ख़ासकर युवा लोगों में। यदि आपका डॉक्टर आपको यह इलाज करवाने की सलाह देता है तो वह आपको इसके लाभों व ख़राब प्रभावों के बारे में बताएगा।

## यदि मुझे निष्क्रिय तपेदिक का संक्रमण है तो यह इलाज करवाने की बजाय क्या इसका कोई और रास्ता है?

हाँ, है। यदि आपको तपेदिक की बीमारी होने का ख़तरा बहुत कम है तो हो सकता है कि आपका डॉक्टर “प्रतिक्षा करना और फिर देखना” की नीति अपनाने की सलाह देगा। ऐसी स्थिति में आपको 2 वर्ष के लिए नियमित रूप से छाती के ऐक्स-रे करवाने होंगे, जिनमें 6 महीने का अंतर होगा। यह आवश्यक है कि आपको तपेदिक की बामारी के लक्षणों के बारे में जानकारी होनी चाहिए और यदि आपको ऐसे लक्षण होते है जिनसे तपेदिक की बीमारी की शंका हो तो अपनी स्थानीय TB सेवा या डॉक्टर को बताएँ।

## अधिक जानकारी के लिए

- अपनी स्थानीय TB सेवा से संपर्क करें
- Tuberculosis Fact Sheet तपेदिक संबंधी तथ्य-पत्र पढ़ें
- NSW Health TB वेबसाइट देखें – www.health.nsw.gov.au/Infectious/tuberculosis/